# राज्य सेवा परीक्षाओं के लिए सामयिकी ३१.०८.२०२०

## 'तेलगू भाषा दिवस'

- हाल ही में तेलगू भाषा दिवस मनाया गया।
- तेलगू भाषा दिवस हर साल आंध्र प्रदेश में 29 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिन को आयोजित करने की जिम्मेदारी संस्कृति विभाग की होती है।

**मुख्य बिंदु**

- तेलगू भाषा दिवस (तेलगू भाषा दिनोत्सवम) प्रारंभिक आधुनिक तेलगू भाषा विद्वानों में से एक और सामाजिक दूरदर्शी गिदुगु वेंकटा रामामूर्थी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में भारतीय गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं का सूची दी गई है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 344 (1) और 351 के अनुसार, आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को शामिल किया गया है, ये भाषाएं हैं – असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, मैथिली, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलगू और उर्दु।

## ग्रामीण स्टार्टअप के लिए "चुनौती" प्रतियोगिता

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना तकनीक मंत्री **रवि शंकर प्रसाद** ने "चुनौती – अगली पीढ़ी की स्टार्टअप चुनौती प्रतियोगिता" की शुरुआत की है।
- इसका उद्देश्य देश में टियर II शहरों पर स्टार्टअप को और बढ़ावा देना और सॉफ्टवेयर उत्पादों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करना है।

मुख्य बिंदु

- इस कार्यक्रम के लिए, तीन वर्षों की अवधि के लिए 95 करोड़ रुपए के बजट का आवंटन किया गया है।
- इसका लक्ष्य चिह्नित क्षेत्रों में कार्य कर रहे लगभग तीन सौ स्टार्टअप की पहचान करना और उन्हें स्थापित होने के लिए 25 लाख रुपए की धनराशि और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है।
- इसमें शामिल किए गए क्षेत्र हैं – जनता के लिए शिक्षा तकनीक, कृषि तकनीक, वित्तीय तकनीक समाधान, आपूर्ति श्रृंखला और रसद प्रबंधन, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ नौकरी और कौशल प्रशिक्षण।

## उईघुर

- चीनी सरकार द्वारा उईघूर मुस्लिमों पर चलायी जा रही दमनकारी गतिविधियों की हाल ही में आयी रिपोर्ट से ढाका विश्वविद्यालय क्षेत्र में एक विरोध का आयोजन किया गया।

मुख्य बिंदु

- उईघुर तुर्की भाषा बोलने वाले अल्पसंख्यक जातीय समुदाय के लोग हैं जिनका मूल निवास मध्य और पूर्वी एशिया है।
- चीन के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में ज़िनजियांग प्रांत तुर्की बोलने वाले जातीय समूह 'उईघुर' का निवास है, जिसमें अधिकांश मुस्लिम आबादी है।
- चीनी सरकार पर क्षेत्र में चरमपंथ के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए शिविरों में उईघुरों को जबरन नज़रबंद करने और उन्हें जानबूझकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया जा रहा है।

## STIP 2020

- **केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन** ने देश और विदेश से व्यापक तौर पर जनता और हितधारकों को एक साक्ष्य-प्रेरित, समावेशी विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार नीति (STIP 2020) तैयार करने हेतु भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।
- विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार नीति (STIP 2020) सूत्रीकरण प्रक्रिया में भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मुख्य बिंदु

- STIP 2020 का लक्ष्य आत्मनिर्भर बनने के लिए तकनीकी का स्वदेशीकरण, पारंपरिक अनुसंधान एवं विकास के साथ परंपरागत ज्ञान पद्धति को मुख्यधारा में लाना, उद्योग-शिक्षा, सरकारी आंतरिक संबंधों को मजबूत बनाना और समानता को बढ़ावा देना है।
- एक वर्चुअल कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए लोकप्रिय क्विज़ के साथ 'माई गवर्मेंट पोर्टल' पर STIP 2020 पेज़ भी लांच किया गया।
- अपने विकेंद्रीकृत, उर्ध्वमुखी और समावेशी डिज़ाइन प्रक्रिया के साथ STIP 2020 का लक्ष्य व्यापक सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए प्राथमिकताओं, क्षेत्रों पर ध्यान देने और शोध तथा तकनीकी विकास की विधियों की पुनः रणनीति बनाना है।

## डॉक्टरों की रक्षा के लिए वारबॉट (WARBOT)

- COVID 19 महामारी के विरुद्ध युद्ध में डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ़ अगले मोर्चे पर संघर्ष करते रहे और कई डॉक्टरों ने पॉज़िटिव रोगियों का इलाज करने में अपने जीवन का बलिदान तक दिया है।
- संक्रमित रोगियों की देखभाल कर रहे डॉक्टरों को एक बड़ी राहत पहुँचाते हुए, त्रिपुरा विश्वविद्यालय के एक वैज्ञानिक ने एक ऐसा रोबोट बनाया है जो डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य दल को संक्रमित होने से बचा सकता है जब वे विषाणु से संक्रमित रोगियों के संपर्क में आते हैं।
- इस रोबोट को COVID – 19 WARBOT नाम दिया गया है।

मुख्य बिंदु

- यह रोबोट कोरोनावायरस मरीज़ों की एक दूर स्थान से देखभाल करने के लिए तैयार किया गया है।
- रिमोट चालित रोबोट 10-15 किग्रा सामग्री तक ले जा सकता है और इसकी संचालन सीमा 15-20 मीटर है और यह COVID 19 रोगियों को खाना, दवाएं अन्य ज़रूरी वस्तुएं प्रदान कर सकता है।
- एक ट्रांसमिटर और एक रिसीवर से चलने वाला यह रोबोट लेड एसिड पुनःआवेशन योग्य बैट्री को पांच घंटे आवेशित करने के बाद 90 मिनट तक कार्य कर सकता है।

## सत्येंद्र सिंह

- मध्य प्रदेश के पैरा-तैराक सत्येंद्र सिंह देश के पहले दिव्यांग भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्हें तेनजिंग नार्गे एडवेंचर अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है।
- ये प्रथम एशियाई दिव्यांग तैराक हैं जिन्होंने अमेरिका में 42 किमी लंबे कैटेलिना चैनल को मात्र 11 घंटों और 34 मिनटों में पार किया था।
- इससे पहले, विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू द्वारा इन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- इन्हें मध्य प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है और साथ ही कई अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान भी प्रदान किए गए हैं।
- मध्य प्रदेश के मलखंभ प्रशिक्षक योगेश मालवीय को द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया है।

## 'एटिकोप्पाका' गुड़िया

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में विशाखापट्टनम जिले की प्रसिद्ध "एटिकोप्पका' गुड़िया कला का जिक्र किया।

- इन गुड़ियों को लाख रंग से बनाया जाता है और इन्हें परंपरागत रूप से एटिकोप्पाका खिलौने अथवा एटिकोप्पाका बोम्मालु के नाम से जाना जाता है।
- एटिकोप्पाका आंध्र प्रदेश में वराहा नदी के किनारे पर स्थित है।
- इस स्थान का यह नाम येलामंचिली चालुक्य वंश (1300 – 1600 ईस्वीं) के कोप्पा राजा नारायण के नाम पर रखा गया है।

## आत्मनिर्भर भारत: प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को आह्वान किया

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया है। यह संदेश ऑल इंडिया रेडियो पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया।
- इसका लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए विकास में तेजी लाना है और इसलिए इसे "आत्मनिर्भर भारत अभियान" नाम दिया गया है।
- इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मई 2020 को 20 लाख करोड़ रुपए के एक विशेष आर्थिक पैकेज (भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 10%) की घोषणा की थी।
- इस घोषणा का लक्ष्य वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते देश को स्वतंत्र बनाना और COVID 19 से बुरी तरह प्रभावित गरीबों, मज़दूरों और प्रवासियों को सशक्त बनाने में सहायता करना है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में महिला शांतिदूतों पर संकल्प

- भारत ने महिला शांतिदूतों पर एक सुरक्षा परिषद संकल्प को सह-प्रस्तावित किया है।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 'शांति बनाए रखने में महिलाएं' पर संकल्प शांति अभियानों में महिलाओं की पूर्ण, प्रभावी, और सार्थक भागीदारी की मांग करता है।

मुख्य बिंदु

- संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सूचित किया कि भारत इंडोनेशिया के साथ मिलकर इस संकल्प को आगे लाया है।
- संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत सैन्य बलों का सबसे बड़ा योगदान देने वाले देशों में से एक है।
- जून 2020 में, भारत को दो वर्षों के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य नियुक्त किया गया था जिसकी शुरुआत 1 जनवरी 2021 से होने जा रही है।
- भारत ने वर्ष 2007 में इतिहास बनाया था जब उसने लाइबेरिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन में प्रथम सर्वमहिला पुलिस इकाई को तैनात किया था।

- भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत बलों में वर्दीधारी कर्मियों का पाँचवाँ सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

## आयुष्मान भारत योजना अब स्टार रेटिंग लाएगी

- आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अस्पतालों को अब उनकी स्वास्थ्य गुणवत्ता एवं सेवाओं के आधार पर स्टार रेटिंग प्रदान की जाएगी।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधीकरण (NHA) ने इस संबंध में दिशानिर्देशों को जारी किया है।
- देशभर में 23,000 से अधिक अस्पताल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े हैं। जिसमें से 12,828 से अधिक अस्पताल सरकारी क्षेत्र से हैं और 10 हजार अस्पताल निजी क्षेत्र से आते हैं।

मुख्य बिंदु

- आयुष्मान भारत योजना, जो कि दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, गरीब परिवारों को पाँच लाख रुपए वार्षिक का स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है।
- इसका लक्ष्य देश भर में दस करोड़ से अधिक गरीब परिवारों की सहायता करना है।
- इस योजना की शुरुआत सितम्बर 2018 में हुई थी और लगभग 1 करोड़ 19 लाख लाभार्थियों ने इस योजना के तहत अपना इलाज करा चुके है।

## भारत और सिंगापुर ने “मानवीय सहायता एवं आपदा राहत” समझौते पर हस्ताक्षर किए

- भारत और सिंगापुर ने मानवीय सहायता और आपदा राहत पर समझौते के क्रियान्वयन हेतु हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देशों ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से रक्षा नीति संवाद में भाग लिया।
- इसकी सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार और सिंगापुर के स्थायी सचिव (रक्षा) श्री चान हेंग की ने की।

## **भारत और रूस ने “2020 ऑनलाइन FIDE शतरंज ओलम्पियाड” के विजेता बने**

- भारत और रूस को 2020 ऑनलाइन FIDE शतरंज ओलम्पियाड का संयुक्त विजेता घोषित किया गया है। ऐसा पिछली रात अंतिम मैच में इन्टरनेट कनेक्शन टूटने के कारण आयी रुकावट के बाद किया गया। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज परिसंघ FIDE के अध्यक्ष एर्काडी द्वोरकोविच ने दोनों टीमों को स्वर्ण पदक देने का निर्णय लिया।
- ऐसा पहली बार है जब FIDE ऑनलाइन प्रारूप में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा था।

- भारत पहली बार FIDE शतरंज ओलम्पियाड के अंतिम मैच में पहुँचा था।